# नियम सरल होने पर उद्यमी नजदीक आने लगेंगे : सीएम

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक सामान्य नागरिक या व्यावसायी आयकर देना चाहता है, मगर उसकी जटिल प्रक्रिया से भयभीत होता है। इस प्रक्रिया के सरलीकरण की दिशा में केंद्र ने सराहनीय प्रयास किए हैं। नियमों का हम जितना सरलीकरण कर लें, उद्यमी उतना ही नजदीक आता दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को आयकर भवन के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आयकर विभाग के नवनिर्मित कार्यालय 'प्रत्यक्ष कर भवन' के उद्घाटन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अधिकारियों को बधाई दी। कहा कि आज उत्तर प्रदेश को हम जिस दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं, उसमें वित्त मंत्री का मार्गदर्शन और योगदान महत्वपूर्ण है। देश में रेवेन्यू का सबसे बड़ा माध्यम आयकर है। उत्तर प्रदेश ने साढ़े चार वर्षों में रेवेन्यू को लगभग दोगुना से अधिक किया है। इसके लिए हमने एनफोर्समेंट की कार्रवाई से ज्यादा लोगों से संवाद का सहारा लिया है। खुशी है कि उत्तर प्रदेश में आयकर विभाग का अपना नया भवन बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में निवेशकों के कारोबार के लिए अनुकूल माहौल बनाया।

## यूपी नई अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है

राज्य मुख्यालय। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश विकास की प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाते हुए नई अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) की वार्षिक बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' यूपी दूसरे स्थान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। किसानों की आमदनी बढ़ी है। बरोजगारी दर घटकर चार प्रतिशत पर आ गई है। केंद्र की योजनाओं में प्रदेश 44 में पहले नंबर पर है।